भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या- 37**

उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

**केवी/जेएनवी की स्थापना**

**†*37. डॉ. निशिकांत दुबे:**
**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित केन्द्रीय विद्यालयों (केवी)/जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार ने देश के सभी जिलों और विशेषकर उक्त राज्यों में नए केवी/जेएनवी स्थापित करने की कोई योजना कार्यान्वित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त प्रत्येक राज्य के कितने और कौन-से जिले हैं जहां कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है; और
(घ) इन जिलों में केवी, जेएनवी को कब तक स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

******

**केवी/जेएनवी की स्थापना के संबंध में माननीय संसद सदस्यों डॉ. निशिकांत दुबे और श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 37 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (घ) नए केन्द्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय मुख्य रूप से पूरे देश में शिक्षा का समान कार्यक्रम प्रदान कराने के लिए रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं।

नए जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है । नए जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलना संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की सहमति पर निर्भर करता है कि वह स्थायी भवन के निर्माण के लिए आवश्यक उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराए और स्थायी भवन के निर्माण तक स्कूल चलाने के लिए किरायामुक्त, अस्थायी भवन उपलब्ध कराए। नए जवाहर नवोदय विद्यालय की स्वीकृति और खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है।

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश भर में स्थापित 21 केंद्रीय विद्यालयों और 9 जवाहर नवोदय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और जिला-वार ब्यौरा संलग्न है।

केन्द्रीय विद्यालय जिलेवार नहीं खोले जाते। तथापि, झारखंड राज्य के सभी जिलों में केन्द्रीय विद्यालय कार्य कर रहे हैं। बिहार, महाराष्ट्र राज्य और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में जिलों की संख्या और नाम जहां कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं हैं, निम्नानुसार हैं: -

| **क्र. सं.** | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | जहां केंद्रीय विद्यालय नहीं हैं जिलों की संख्या | जहां केंद्रीय विद्यालय नहीं हैं जिलों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 03 | उत्तर पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली और मध्य दिल्ली। |
| 2. | बिहार | 07 | **अरवल, कैमूर (भभुआ), मधेपुरा, मधुबनी, शेखपुरा, सुपौल* और नवादा*।** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | महाराष्ट्र | 16 | **अकोला**, **अमरावती**, **बीड**, **बुलढाणा**, **गढ़चिरौली**∗∗, **गोंदिया**, **हिंगोली**, **जालना**, **कोल्हापुर**, **नंदुरबार**, **धाराशिव**, **पालघर**, **रत्नागिरी**, **सांगली**, **सतारा और सिंधुदुर्ग।** |

∗ केवि स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन उन्हें क्रियाशील नहीं बनाया जा सका क्योंकि प्रायोजक अधिकारियों ने अभी तक केविसं को भूमि हस्तांतरित नहीं की है और अस्थायी आवास का कब्जा प्रदान नहीं किया है।

∗∗ एक केवी हेतु स्वीकृति दी गई है, लेकिन इसे क्रियाशील नहीं बनाया जा सका क्योंकि प्रायोजक प्राधिकारियों ने अभी तक केविसं को अस्थायी आवास का कब्जा प्रदान नहीं किया है ।

*****

**अनुलग्नक**

**केवी/जेएनवी की स्थापना के संबंध में माननीय संसद सदस्यों डॉ. निशिकांत दुबे और श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 37 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**देश भर में पिछले तीन वर्ष और वर्तमान वर्ष**
**के दौरान स्थापित केवी और जेएनवी का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **केवि की संख्या** | **केन्द्रीय विद्यालय का नाम** |
|---|---|---|
| झारखंड | 02 | एसईआर डांगोआपोसी, जिला पश्चिमी सिंहभूम |
| | | पलामू, जिला पलामू |
| उत्तराखंड | 01 | 5वीं बटालियन एसएसबी चम्पावत, जिला चम्पावत |
| उत्तर प्रदेश | 02 | मधुपुरी, जिला फ़तेहपुर |
| | | सुमेरपुर, जिला हमीरपुर |
| तमिलनाडु | 02 | आईटीबीपी, इडियापट्टी, जिला मदुरै |
| | | आईटीबीपी शिवगंगईइलुपाईकुडी, जिला शिवगंगई |
| मध्य प्रदेश | 01 | आईआईटी इंदौर, जिला इंदौर |
| अरुणाचल प्रदेश | 02 | हयुलियांग, जिला अंजॉ |
| | | एनआईटी अरुणाचल प्रदेश, जोटे जिला पापुम पारे |
| ओडिशा | 04 | छतरपुर, जिला गंजाम |
| | | एमसीएल सुभद्रा क्षेत्र, जिला अंगुल |
| | | एमसीएल जग्गन्नाथ क्षेत्र, जिला अंगुल |
| | | आईआईटी भुवनेश्वर, जिला खोरधा |
| कर्नाटक | 01 | सदलगाह, जिला बेलगावी |
| पंजाब | 02 | आईआईटी रोपड़, जिला रूपनगर |
| | | पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, घुद्दा, जिला बंथंडी |
| हरियाणा | 01 | बिलासपुर, जिला यमुनानगर |
| त्रिपुरा | 01 | गोकुलनगर, जिला सिपाहीजाला |
| हिमाचल प्रदेश | 01 | धर्मपुर, जिला मंडी |
| गुजरात | 01 | दीन दयाल बंदरगाह प्राधिकरण गांधी धाम, जिला कच्छ |

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **जनवि की संख्या** | **जवाहर नवोदय विद्यालय का नाम** |
|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | 01 | जनवि तिराप |
| असम | 01 | जनवि कामरूप मेट्रो |
| राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 03 | जनवि पूर्वी दिल्ली |
| | | जनवि उत्तरी दिल्ली |
| | | जनवि शाहदरा |
| जम्मू एवं कश्मीर | 01 | जनवि बांदीपुरा |
| मेघालय | 02 | जनवि नॉर्थ गारो हिल्स |
| | | जनवि वेस्ट गारो हिल्स |
| उत्तर प्रदेश | 01 | जनवि हापुड |

*****